रांची

www.vananchaleye@gmail.com

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 वर्ष:01 अंक:101 बुधवार, 17 दिसंबर Email:vananchaleye@gmail.com



## ब्रीफ न्यूज

### नेशनल हेराल्ड केस : सोनिया और राहुल गांधी को बड़ी राहत



एजेंसी

नई दिल्ली : नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बड़ी कानूनी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है। अदालत के इस फैसले को गांधी परिवार के लिए अहम माना जा रहा है। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने अपने आदेश में कहा कि इस स्तर पर ईडी की शिकायत पर संज्ञान नहीं लिया जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ईडी का पूरा मामला किसी दर्ज एफआईआर पर आधारित नहीं है, बल्कि यह केवल भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर निजी शिकायत और मजिस्ट्रेट द्वारा जारी समन आदेशों पर टिका हुआ है। अदालत के अनुसार, एफआईआर के अभाव में मनी लॉन्ड्रिंग की कार्यवाही कानूनन टिकाऊ नहीं है।

### जम्मू-कश्मीर में सात जिलों में ताबड़तोड़ छापेमारी

एजेसी

जम्मू : जम्मू और कश्मीर पुलिस की काउंटर-इंटेलिजेंस कश्मीर ने मंगलवार को कश्मीर डिवीजन में कई जगहों पर एक आतंकी मामले में सुबह तलाशी अभियान चलाया। इससे पहले, जम्मू और कश्मीर के उधमपुर जिले के सोहन इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। एक पोस्ट में कहा गया है एक खुफिया-आधारित ऑपरेशन में, एसओजी जम्मू-कश्मीर पुलिस और भारतीय सेना के सतर्क जवानों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई।

### लूथरा ब्रदर्स थाईलैंड से दिल्ली लाए गए एयरपोर्ट से गिरफ्तार

एजेसी

नई दिल्ली : गोवा के चर्चित नाइट क्लब बिर्च बाय रोमियो लेन अग्निकांड मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। इस हादसे के मुख्य आरोपी और क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से भारत लाकर मंगलवार को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों भाइयों को दोपहर करीब 2 बजे बैंकॉक से डिपोर्ट कर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट दिल्ली लाया गया, जहां पहले से मौजूद गोवा पुलिस की टीम ने उन्हें एयरपोर्ट पर ही हिरासत में।


# केकेआर ने ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्रीन को 25.20 करोड़ में खरीदा

## श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीश पथिराना के लिए खर्च किए 18 करोड़ रुपये

- सीएसके ने उत्तर प्रदेश के प्रशांत वीर और
- राजस्थान के कार्तिक पर लगाया बड़ा दांव
- दिल्ली कैपिटल्स ने जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबीपर लगाए 8 .40 करोड़
- भारत और विदेश के359 खिलाड़ियों ने बोलीमें लिया भाग

एजेंसी

मंगलवार को कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के खिलाड़ियों की नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज हरफनमौला ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन के लिए रिकॉर्ड 25.20 करोड़ रुपये औरश्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीश पथिराना के लिए 18 करोड़ रुपयेखर्च किए। इस नीलामी में'अनकैप्ड' (अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले) भारतीय खिलाड़ियों को भी बड़ी सफलता मिली। इसमें उत्तर प्रदेश के 20 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर प्रशांत वीर औरराजस्थान के विकेटकीपर औरआक्रामक बल्लेबाज कार्तिक शर्माको चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके)ने एक समान 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा। दोनों खिलाड़ी 30 लाखरुपये की आधार मूल्य में आने के बाद आईपीएल नीलामी के इतिहास में सबसे अधिक कीमत पाने वालेअनकैप्ड खिलाड़ी बन गए। इस छोटी नीलामी में कुल 359खिलाड़ी- 246 भारतीय और 113विदेशी खिलाड़ी) शामिल हैं, जिसमें 10 फ्रेंचाइजी अधिकतम 77खिलाड़ियों के लिए बोली लगाई गई, जिनमें से 31













### पथिराना को मिलेगी पूरी रकम

पृथ्वी शॉ और सरफराज खान जैसे भारतीय बल्लेबाजों को अच्छी लय में होने के बावजूद इस नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला। विदेशी खिलाड़ियों के लिए नीलामी के नियमों के अनुसार, हालांकि शेष राशि बीसीसीआई के खिलाड़ी विकास कार्यक्रम में जाएगी। ऐसे में इस सत्र के लिए उनका वेतन 18 करोड़ रुपये (19 लाख अमेरिकी डॉलर) ही रहेगा। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करने वाले पथिराना को हालांकि पूरी रकम मिलेगी क्योंकि वह वेतन सीमा के अंदर है। दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर को दिल्ली कैपिटल्स ने उनके आधार मूल्य दो करोड़ रुपये में खरीदा जबकि न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज।

# हंगामे के बीच मनरेगा से जुड़ा 'जी राम जी' विधेयक पेश

## ग्राम विकास को मिलेगी प्राथमिकता : शिवराज

एजेंसी

नई दिल्ली : लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष के विरोध के बीच ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार से जुड़े गारंटी योजना मनरेगा में बदलाव से जुड़ा 'जी राम जी' विधेयक पेश किया गया। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर आपत्ति जताते हुए विपक्ष ने विधेयक का विरोधकिया। ज्यादातर सदस्यों ने विधेयक को सदन की स्थायी समिति को भेजे जाने का अनुरोध किया। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत-रोजगार औरआजीविका मिशन (ग्रामीण) केलिए गारंटीः (विकसित भारत-



जीराम जी) विधेयक, 2025 पेश किया। यह विधेयक विकसितभारत @2047 के राष्ट्रीय विजनके साथ ुड़ा एक ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करेगा। इसमें हर वित्तीय वर्ष में हर ग्रामीण परिवारको 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाएगी। इसमेंपरिवार के वयस्क सदस्य कोउनकी इच्छा पर बिना किसी कौशल वाला काम दिया जाएगा। कांग्रेस नेता प्रियंका ने विधेयक लाएजाने का विरोध किया औरविधेयक को वापस लेकर व्यापकचर्चा हेतु स्थायी समिति को भेजे जाने का अनुरोध किया।

### ग्राम सभाओं की भूमिका होगी कमजोर : प्रियंका

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहाकि मनरेगा पिछले 20 वर्षों से ग्रामीणगरीबों को रोजगार और कानूनी सुरक्षादेता आया है। यह मांग-आधारितयोजना ग्राम सभाओं को अधिकार देकर पंचायती राज और संविधान की मूल भावना को मजबूत करती है। प्रस्तावित विधेयक में केंद्र द्वारा धन आवंटन पहले से तय करने, अनुदान घटाने और नियंत्रण बढ़ाने से राज्यों व ग्राम सभाओं की भूमिका कमजोर होगी। काम के दिन बढ़ाने के बावजूद मजदूरी में वृद्धि नहीं की गई है। इससे रोजगार का कानूनी अधिकार कमजोरहोता है। थरुर ने नाम का विरोध किया और कहा कि यह गांधीजी के ग्राम स्वराज की सोच के खिलाफ है।कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म कर नई योजना लागू करने के प्रस्ताव के खिलाफ आधिकारिक पत्र जारी कर इसे सरकार की राजनीतिकचाल बताया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश द्वारा जारी।

# इंडी गठबंधन के सांसदों ने किया संसद भवन परिसर में प्रदर्शन



एजेंसी

केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटीयोजना (मनरेगा) के स्थान पर नई योजना लाने के प्रस्ताव के विरोध में इंडी गठबंधन के सांसदों ने मंगलवार को संसद भवन परिसर मेंप्रेरणा स्थल और मकर द्वार पर प्रदर्शन किया। सांसदों ने महात्मागांधी की प्रतिमा के पास उनकी तस्वीरें हाथ में लेकर विरोध जताया। प्रदर्शन में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, सांसद मणिकम टैगोर, दीपेंद्र हुड्डा, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और सपा सांसद धर्मेंद्र यादव सहित कई विपक्षी सांसद शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में महात्मा गांधी की तस्वीरें और पोस्टर ले रखे थे, जिन पर 'महात्मा गांधी' लिखा हुआ था। इस दौरान 'महात्मा गांधी अमर रहें' के नारे भी लगाए गए।कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म कर नई योजना लागू करने के प्रस्ताव के खिलाफआधिकारिक पत्र जारी कर इसे सरकार की राजनीतिक चाल बताया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश द्वारा जारी पत्र में सभी प्रदेश कांग्रेस कमेटियों (पीसीसी) को निर्देश दिया गया है कि वे 17 दिसंबर को सभी जिला मुख्यालयोंपर विरोध प्रदर्शन आयोजित करें। इसके अलावा, 28 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस पर पीसीसी सभी मंडलों और गांवों में महात्मा गांधी की।

### छह माह पहले हुई थी ज्योतिका हेम्ब्रम की नियुक्ति, शादी से मना करने पर नाराज था गणेश

# चौकीदार की हत्या के बाद प्रेमी ने की खुदकुशी, थानेदार पर आरोप

एजेंसी

पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका थाना अंतर्गत नवनियुक्त चौकीदारज्योतिका हेम्ब्रम की उसके प्रेमी गणेश मांझी ने मंगलवार को निर्मम हत्या कर दी। घटनाछोटासिगदी के पास दोपहर में घटी है। पुलिस जांच में पता चला है कि गणेश मांझी ज्योतिका हेंब्रम को नौकरी करने से मना कर रहा था। उसने कहा था कि वह चौकीदार की नौकरी छोड़ दे।बताया जा रहा है कि ज्योतिका हेंब्रम नहीं मानी। उसने साफ मना कर दिया कि वह नौकरी नहींछोड़ेगी। इसी के चलते गणेशमांझी ने ज्योतिका हेंब्रम की हत्याइ की है। जबकि, पुलिस का कहनाहै कि ज्योतिका की चौकीदार की नौकरी छह महीने पहले लगी थी।इसके बाद से गणेश ने उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा था।ज्योतिका ने शादी करने से इंकारकर दिया था। इसके बाद से गणेश ज्योतिका पर लगातार शादी के लिए दबाव बना रहा था। ज्योतिका हर बार इनकार कर रही थी। इसी के चलते उसने घटनाको अंजाम दिया है। गणेश मांझी ने वीडियो में बताया कि उसने ज्योतिका की आरी ब्लेड से गला रेत कर हत्या कर दी है। गणेश मांझी ने वीडियो में वह धारदारहथियार भी दिखाया। इसके बाद उसने यहकह कर वीडियो बनाना बंद कर दिया कि अब वह खुद भी इसीहथियार से आत्महत्या करने जा रहा है। गौरतलब है कि कालिकापुरपंचायत के केन्डमूड़ी की रहने वाली ज्योतिका हेम्ब्रम पोटका थाना से ड्यूटी करने के बाद अपने घर लौट रही थी। तभी थाना से लगभग आधा किलोमीटर दूर गणेश मांझी ने उसे रोका और धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी।





# मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवेपर कई वाहन टकराए, 13 लोगों की मौत, 70 घायल

,एजेंसी

मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के आठ बसों व तीन कारों केआपस में टकराने के बाद कई वाहनों में लगी आग में झुलसने से 13 लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में 70 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है, क्योंकि बसों में कटे हुए अंग मिले हैं। पुलिस ने इन्हें 17 पॉलिथीन बैग में भरकर ले गई है। अब डीएनए टेस्ट से इनकी पहचान की जाएगी। हादसा थाना बलदेवथाना क्षेत्र में माइलस्टोन 127 परहुआ। पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ के 50 जवानों और 9 थानों की पुलिस ने 6 घंटे में रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया। हादसे के चलते एक्सप्रेस-वे पर 3 किमी लंबा जाम लग गया था।हादसे की मजिस्ट्रेट जांच केआदेश दे दिए गए हैं।एडीएम प्रशासन अमरेश जांच का नेतृत्व करेंगे। टक्कर के बाद राहगीर ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शी भगवान दास ने बताया कि टक्कर के बाद ऐसा लगा जैसे बम फटा हो। लोग बसों के शीशे तोड़कर बाहर कूद रहे थे। थोड़ी देर में बसें जलकर राख हो गईं। हमने बस से 8-9 लाशें निकालीं। घायलों को 11 एंबुलेंस से मथुरा जिला अस्पताल और वृंदावन संयुक्त जिला अस्पताल भेजागया। गंभीर घायलों को आगरामेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बसों से पुलिस ने खरोच-खरोच कर शवों को उठाया। बलदेव थानाप्रभारी रंजना सचान ने कहा, मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है,जिनमें से अब तक सिर्फ दो कीपहचान हो पाई है। इनकी पहचानप्रयागराज के निवासी अखिलेंद्र प्रतापयादव (44) और महराजगंज जिले के निवासी रामपाल (75) के रूप में हुईहै। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



**उपलब्धि** भारतीय नौसेना की गोताखोरी और जल के भीतर सहायता क्षमताओं में आएगी तेजी

# समुद्री बेड़े में शामिल हुआ स्वदेशी गोताखोर जहाज 'डीएससी ए-20'

एजेंसी

नई दिल्ली : भारतीय नौसेना ने कोच्चि के नौसेना बेस में मंगलवार को स्वदेशी गोताखोर जहाज ह्यडीएससी ए-20ह्व अपने समुद्री बेड़े में शामिल कर लिया। दक्षिणी कमान का हिस्सा बनने वाले इस जहाज के माध्यम से भारतीय नौसेना की गोताखोरी और जल के भीतर सहायता क्षमताओं में तेजी आएगी। दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल समीर सक्सेना की उपस्थिति में हुआ यह औपचारिक समारोह नौसेना की परिचालन क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण वृद्धि का प्रतीक रहा। डीएससी ए-20 का निर्माण कोलकाता के टिटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) में किया गया है। गोताखोरी में सहायक पांच डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट श्रृंखला का यह पहला पोत है। इसको तटीय जलक्षेत्र में विभिन्न प्रकार के गोताखोरी और जलीय अभियानों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। यह पोत उन्नत एवं अत्याधुनिक गोताखोरी प्रणालियों से सुसज्जित है, जो सुरक्षा, विश्वसनीयता और परिचालन दक्षता के सर्वोच्च मानकों पर खरा उतरता है।नौसेना के मुताबिक कैटामारन आधारित पतवार विन्यास वाले इस पोत में उत्कृष्ट स्थिरता, विस्तारित डेक क्षेत्र और बेहतर समुद्री योग्यता है। लगभग 390 टन के विस्थापन वाले इस जहाज को इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग(आईआरएस) के नौसेना नियमों और विनियमों के अनुरूप डिजाइन तथा निर्मित किया गया है।



# सीएम हेमंत के डिस्चार्ज पिटीशन मामले में विशेष कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

संवाददाता

राड▪ठारांची : रांची के बड़गाई 8.86 एकड़ कथित जमीन फजीर्वाड़ा मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केडिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए की विशेष कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय बीते छह दिसंबर को मुख?यमंत्री हेमंतसोरेन ने खुद को निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल कर कोर्ट से आरोप मुक्त करने कीगुहार लगाई है।मामले में जमीन कारोबारियोंसहित कई के ठिकाने पर ईडी नेछापेमारी की थी। वही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिएईडी ने 10 बार समन किया था। इसमें से हेमंत सोरेन से दो बार पूछताछ हुई थी। 31 जनवरी 2024 को पूछताछ के बाद ईडी नेहेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था, जिन्हें पांच माह बाद झारखंडउच्च न्यायालय से इस मामले मेंजमानत मिली थी। वहीं इस मामले में जेएमएम नेता अंतू तिर्की सहितकई जमीन कारोबारियों कोगिरफ्तार कर जेल भेजा था।झारखंड एसीबी शराब घोटाला, हजारीबाग वन भूमि घोटाला और सेवायत भूमिघोटाला से जुड़े मामलों में आरोपियों की आय से अधिकसंपत्ति की जांच कर रही है। इस जांच में निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे और उनकी पत्नी स्वप्ना संचिता पर खास फोकस है। एसीबी यह जानने की कोशिश कर रही है कि कथित अवैध कमाई कहां और किस रूपमें निवेश की गई।एसीबी ने झारखंड के सभीसरकारी और निजी बैंकों को पत्रभेजकर अहम जानकारी मांगी है। इसमें विनय चौबे, उनकी पत्नी स्वप्ना संचिता, नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह और उनके परिवार, विनय चौबे के सालेशिपीज त्रिवेदी और उनके परिवार, साथ ही ससुर सत्येंद्र नाथ त्रिवेदीके नाम पर मौजूद बैंक अकाउंट और लॉकर का ब्योरा मांगा गया है। एसीबी ने बैंकों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि यदि इन लोगों के नाम पर कोई लॉकर मिलता है तो उसे अगले आदेश तक फ्रीज कर दिया जाए। इसका उद्देश्य जांच के दौरानसंपत्ति में किसी तरह की हेराफेरी को रोकना है।



**रांची के बड़गाई 8.86 एकड़ कथित जमीन फजीर्वाड़ा मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केडिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए की विशेष कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई।**

# रिम्स के बाद हरमू नदी, बड़ा तालाब और डैम होंगे अतिक्रमण मुक्त! हाईकोर्ट का आदेश- दो हफ्ते में करें पूरा

रांची, संवाददाता ।



रांची के हरमू नदी, बड़ा तालाब और कांके, धुर्वा जैसे प्रमुख डैमों के आसपास फैले अतिक्रमण को झारखंड हाईकोर्ट ने दो सप्ताह के भीतर हटाने का सख्त निर्देश दिया है. जलाशयों के कैचमेंट एरिया पर हुए अवैध कब्जे और प्रदूषण पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा है कि पानी के स्रोत बचाने के लिए अब देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है.

**हाईकोर्ट ने अतिक्रमण मुक्त करने का दिया निर्देश**

झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि खंडपीठ ने जिला प्रशासन और नगर निगम को मिलकर दो सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। साथ ही, प्लास्टिक कचरे से मुक्ति दिलाने और इसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने का आदेश भी दिया है, अन्यथा अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट ने बड़ा तालाब, हरमू नदी और डैमों के आसपास बने अवैध निमार्णों को चिन्हित कर त्वरित अभियान चलाने का निर्देश दिया है। अदालत ने यह भी कहा है कि अतिक्रमण हटाने के बाद इन क्षेत्रों को नो-एंट्री जोन घोषित कर कंटीले तारों से घेरा जाए, ताकि भविष्य में कोई कब्जा न हो सके

**कई क्षेत्र को किया गया अतिक्रमण मुक्त**

नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पक्ष रखा. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारिका ने बड़ा तालाब से गाद और कचरा हटाने के लिए विशेषज्ञों की रिपोर्ट अब तक सरकार के स्तर पर पेश नहीं किए जाने की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम के पास हरमू नदी में प्लास्टिक और कचरा भरा रहता है. खंडपीठ ने कांके डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम जैसे जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए की गई कार्रवाई पर असंतोष जाहिर की है. बता दें कि इसी महीने झारखंड हाईकोर्ट ने रिम्स परिसर की करीब 10 एकड़ जमीन पर हुए अवैध कब्जे को गंभीरता से लेते हुए 72 घंटे के भीतर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था. इस मामले में अब तक दर्जनों कच्चे मकान तोड़े जा चुके हैं. कई क्षेत्र को कब्जे से मुक्त किया जा चुका है. अब एक बहू मंजिलें अपार्टमेंट पर कार्रवाई चल रही है.

# रिम्स के डीआईजी ग्राउंड में रिटायर्ड डॉक्टर का घर ढहा

रांची, संवाददाता ।

रिम्स के डीआईजी ग्राउंड में अतिक्रमण हटाओ अभियान मंगलवार को भी जारी है. झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिला प्रशासन, रांची पुलिस, नगर निगम और रिम्स प्रबंधन की संयुक्त टीम ने अवैध निर्माणों पर एक बार फिर बुलडोजर चलाया. मंगलवार की कार्रवाई में रिम्स के ही एक पूर्व चिकित्सक का आवास भी ध्वस्त किया गया. जिससे इलाके में भावनात्मक माहौल बन गया और प्रभावित परिवारों की पीड़ा सामने आई. मंगलवार सुबह जैसे ही प्रशासनिक टीम भारी पुलिस बल और जेसीबी मशीनों के साथ डीआईजी ग्राउंड पहुंची. इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. कार्रवाई के दौरान आसपास रहने वाले लोग अपने घरों से सामान निकालते नजर आए. प्रशासन की ओर से पहले ही नोटिस जारी किए जाने की बात कही गई है. लेकिन प्रभावित लोगों का कहना है कि उन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया गया.



**टूटते घर देख पूर्व चिकित्सक ने प्रशासन पर उठाए सवाल**

कार्रवाई के दौरान अपना घर टूटते देख रिम्स के पूर्व चिकित्सक ने प्रशासन पर सवाल खड़ा किया है. उन्होंने कहा जब यह घर बन रहा था, तब प्रशासन और कोर्ट कहां थे. इतने साल बाद अचानक हमारा आशियाना तोड़ा जा रहा है. उन्होंने कहा कि सेवा काल और सेवानिवृत्ति के बाद की सारी जमा पूंजी घर बनाने में लगा दी. लेकिन अब परिवार को बेघर होना पड़ रहा है. घर का कागजात है, रजिस्ट्री है, लेकिन कार्रवाई रजिस्ट्री करने वालों पर नहीं हो रही है. जिन लोगों ने भूल बस रजिस्ट्री करा ली है, उनकी जमापूंजी तक बर्बाद कर दिया गया.

**सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई लंबित, बावजूद घर तोड़ा जा रहा है: प्रभावित महिला**

वहीं, घर की मालकिन कार्रवाई के समय काफी दुखी नजर आईं. उनकी आंखों में आंसू थे और परिवार के सदस्य टूटे मकान से जरूरी सामान निकालते दिखे. पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने और वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार करने की मांग की. महिलाओं का कहना था कि वे न्यायालय का दरवाजा खटखटा चुके हैं और उच्चतम न्यायालय में सुनवाई लंबित है. ऐसे में कम से कम फैसला आने तक राहत दी जानी चाहिए थी.

**कोर्ट के आदेश के अनुसार हो रही है कार्रवाई: अधिकारी**

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यह पूरी कार्रवाई झारखंड उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश के तहत की जा रही है. अधिकारियों ने दो टूक कहा कि अदालत ने रिम्स की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए समय-सीमा तय की थी और उसी के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है. अधिकारियों के अनुसार, अतिक्रमण हटाने में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है और नियम सभी पर समान रूप से लागू किए जा रहे हैं.

**चरणबद्ध तरीके से तोड़ी जा रही है बहुमंजिला इमारत: अधिकारी**

अधिकारियों ने यह भी बताया कि डीआईजी ग्राउंड के पूर्वी और उत्तरी हिस्सों में बने बहुमंजिला अवैध अपार्टमेंट को भी चरणबद्ध तरीके से तोड़ा जा रहा है. इस अभियान में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, दंडाधिकारी और मजदूर तैनात हैं. मंगलवार को भी कई जेसीबी मशीनें एक साथ कार्रवाई में जुटी रही. प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जिन लोगों ने अब तक स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाया है, उनके खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी.

**3 दिसंबर को कोर्ट ने दिया था कार्रवाई का आदेश**

उल्लेखनीय है कि झारखंड उच्च न्यायालय ने जनहित याचिका W.P. (PIL) 4736/2018 में 3 दिसंबर 2025 को आदेश पारित करते हुए राज्य सरकार और रिम्स प्रबंधन को 72 घंटे के भीतर रिम्स की जमीन से सभी प्रकार के अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था. इसी आदेश के अनुपालन में डीआईजी ग्राउंड और रिम्स परिसर के आसपास लगातार अभियान चलाया जा रहा है. वहीं दूसरी ओर, प्रभावित परिवार न्याय की गुहार लगाते हुए सरकार और प्रशासन से राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं.

# मंजूनाथ भजंत्री ने नीलम उरांव को दिलाया हक, महिला ने कहा- धन्यवाद डीसी साहेब

रांची, संवाददाता ।



रांची के डीसी (उपायुक्त) मंजूनाथ भजंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर वीडियो शेयर किया है. पहला वीडियो शेयर करते हुए लिखा गया-सोमवार को आयोजित जनता दरबार एक बार फिर आमजन के लिए त्वरित न्याय और संवेदनशील प्रशासन का सशक्त मंच साबित हुआ. अनिल उरांव और नीलम उरांव जनता दरबार में मिलने के लिए रुके, दंपत्ति ने मिलकर धन्यवाद दिया. ये दोनों तीन साल से हेहल अंचल के हेसल मौजा में अपनी जमीन पर दखल दिहानी के लिए प्रयासरत थे. पूर्व में जनता दरबार के दौरान दखल दिहानी के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे, जिसका अनुपालन हुआ और दखल दिहानी के बाद दंपत्ति ने धन्यवाद दिया. दूसरे वीडियो को शेयर करते हुए लिखा गया-जनता दरबार एक बार फिर आमजन के लिए त्वरित न्याय और संवेदनशील प्रशासन का सशक्त मंच साबित हुआ. एक ओर जहां 3 वर्षों से दखल दिहानी के लिए परेशान दंपत्ति को समाधान मिला, तो वहीं दूसरी ओर निराश्रित महिला के चेहरे पर मुस्कान लौटी. अनिल उरांव और नीलम उरांव आज सुबह से देर शाम तक जनता दरबार में मिलने के लिए रुके. शाम करीब 7:30 बजे उनकी मुलाकात हुई. दंपत्ति ने मिलकर धन्यवाद दिया. वीडियो में महिला डीसी को धन्यवाद देती नजर आ रही है.

# रांची में नवविवाहिता की संदेहास्पद मौत, परिजनों ने ससुरालवालों पर लगाया हत्या का आरोप

रांची, संवाददाता ।

राजधानी के लोअर बाजार इलाके में रहने वाली एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है. 21 वर्षीय सजबीन परवीन का शव उसके कमरे में संदेहास्पद हालत में मिला है. परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी को मार कर आत्महत्या का रूप दिया गया है. रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के रमजान कॉलोनी में अपने सुसराल में रह रही नवविवाहिता सजबीन परवीन का शव संदिग्ध हालत में उसके कमरे में मिला. जैसे ही परवीन की मौत की जानकारी उसके मायके वाले को हुई, उन्होंने आनन-फानन में रांची पहुंचकर जमकर हंगामा किया. इस दौरान ससुराल पक्ष और मायका पक्ष के बीच मारपीट भी हुई. मामले की जानकारी मिलते ही लोअर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला. मृतक परवीन के परिजनों का



आरोप है कि उनकी बेटी को ससुराल में काफी प्रताड़ित किया जा रहा था. बार-बार उसे मायके से अपना हिस्सा मांगने के लिए दबाव बनाया जा रहा था. जब ससुराल वाले अपने मकसद में कामयाब नहीं हुए तो उन्होंने उनकी बेटी की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप दे दिया.

**मौत की जांच शुरू**

वहीं लोअर बाजार पुलिस भी मामले की जांच हत्या और आत्महत्या दोनों बिंदुओं पर कर रही है. लोअर बाजार थाना प्रभारी रणविजय शर्मा ने बताया कि आत्महत्या का समय सोमवार की रात के 8:00 बजे का है, लेकिन परवीन के ससुराल वालों ने पुलिस को इसकी जानकारी रात के करीब 2:00 बजे दी. यही वजह है कि मामले को संदेहास्पद मानते हुए हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल पर जांच की जा रही है. परवीन के पति को फिलहाल हिरासत में रखा गया है. लोअर बाजार थाना प्रभारी ने बताया कि परवीन के परिजनों के द्वारा लिखित आवेदन अभी तक नहीं दिया गया है. आवेदन मिलने के बाद उस पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. जिस कमरे से परवीन का शव बरामद किया गया है उस कमरे की एफएसएल जांच भी करवाई गई है. 13 जून 2025 को हुई थी शादी सजमीन परवीन के भाई ने बताया कि 13 जून 2025 को उनकी बहन की शादी रांची में एक होटल में बड़े ही धूमधाम के साथ की गई थी.

# श्रम मंत्री संजय यादव की मां का निधन, कहा- मां का आशीर्वाद सदैव परिवार के साथ रहेगा

**रांची।** श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव की माता का निधन हो गया है. मंत्री ने खुद सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है. कहा है कि यह दिन मेरे जीवन का सबसे कष्टदायक दिन है. मेरी पूज्य माताजी हमेशा के लिए छोड़कर प्रभु के चरणों में विलीन हो गईं. भले ही मां का साया सिर से उठ गया, लेकिन उनका स्नेह, संस्कार और आशीर्वाद सदैव परिवार के साथ रहेगा. कल (17 दिसंबर) को सुल्तानगंज घाट पर अंतिम संस्कार होगा. मंत्री संजय प्रसाद यादव की मां के निधन पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने गहरा शोक व्यक्त किया है. उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी संवेदना प्रकट करते हुए इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताया. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मां का साया सिर से उठ जाना जीवन की सबसे बड़ी क्षति होती है, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती. उन्होंने इस दुखद घड़ी में मंत्री संजय यादव और उनके शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े रहने की बात कही. इरफान अंसारी ने ईश्वर और अल्लाह से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति दें.

# धान खरीद : 2 दिन में 55766.11 क्विंटल हुई धान खरीद, 60 लाख क्विंटल है लक्ष्य

रांची, संवाददाता ।

राज्य सरकार ने 15 दिसंबर यानि सोमवार से धान की खरीद शुरू की है. दो दिनों के अंदर यानि मंगलवार शाम पांच बजे तक 55,766.11 क्विंटल धान की खरीद की गई. राज्य सरकार ने इस साल 60 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा है. इसमें दो लाख 51 हजार 935 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है. दो दिनों के अंदर 10,914 किसानों को एसएमएस भेजा गया है.

**2450 रुपए प्रति क्विंटल की दर से हो रही खरीद**

इस बार धान की खरीद 2450 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीद की जा रहा है. पिछली बार यह दर 2400 रुपए प्रति क्विंटल थी. राज्यभर में 801 धान क्रय केंद्र बनाए गए हैं. बताते चलें कि पिछले तीन वर्षों में सरकार अपने धान क्रय लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रही है. लगातार दो वर्षों (2022-23 व



2023-24) में सूखे की स्थिति और किसानों की उदासीनता के कारण धान की खरीदारी प्रभावित हुई. किसानों ने सरकारी खरीद प्रणाली से दूरी बनायी, जिससे लक्ष्य का सिर्फ एक तिहाई हिस्सा ही पूरा हो पाया.

**किस वित्तीय वर्ष में कितने धान की हुई खरीद**

वित्तीय वर्ष 2022-23, लक्ष्य 60 लाख क्विंटल, खरीद हुई 17.16 लाख क्विंटल, कुल 29 प्रतिशत की खरीद

वित्तीय वर्ष 2023-24, लक्ष्य 60 लाख क्विंटल, खरीद हुई 17.02 लाख क्विंटल, कुल 29 प्रतिशत की खरीद

वित्तीय वर्ष 2024-25, लक्ष्य 60 लाख क्विंटल, खरीद हुई 40.8 लाख क्विंटल, कुल 67 प्रतिशत की खरीद

# रिम्स परिसर में अतिक्रमण हटाओ अभियान रहेगा जारी, हाईकोर्ट का निर्देश, अगली सुनवाई तक कैलाश कोठी तोड़ने पर रोक जारी

रांची, संवाददाता ।



रिम्स परिसर को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई जारी रहेगी. जबकि कैलाश कोठी मामले में हाईकोर्ट ने पूरक शपथ पत्र पेश करने को कहा है. चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की खंडपीठ में इस मामले को लेकर मंगलवार को सुनवाई हुई. अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि खंडपीठ ने कैलाश कोठी के मामले में पूरक शपथ पत्र के माध्यम से सभी कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है. साथ ही परिसर से अन्य अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है. इस मामले में रांची के डीसी कागजात के साथ उपस्थित हुए थे.

**कैलाश कोठी को तोड़ने पर रोक जारी**

दरअसल, खूशबू सिंह एवं अन्य ने याचिका दायर कर कैलाश कोठी को तोड़ने से रोकने का आग्रह किया है. इस मामले में खंडपीठ ने राज्य सरकार से कैलाश कोठी की जमीन के अधिग्रहण से संबंधित दावे को शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल करने को कहा है. मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी. तबतक कैलाश कोठी को तोड़ने पर रोक जारी रहेगी.

**प्रार्थी का दावा, कैलाश कोठी का नहीं हुआ है अधिग्रहण**

बता दें कि पिछली सुनवाई में संबंधित जमीन से जुड़ा गजट नोटिफिकेशन पेश करने का निर्देश दिया था. साथ ही प्रार्थी के दस्तावेज को वेरिफाई करने को कहा था. कोर्ट ने पूछा था कि संबंधित जमीन का अधिग्रहण हुआ है या नहीं. यह भी पूछा था कि अगर रिम्स ने जमीन अधिग्रहण किया है तो क्या मुआवजे का भुगतान हुआ है. प्रार्थी का दावा है कि कैलाश कोठी की जमीन का अधिग्रहण नहीं हुआ है. फिलहाल, कैलाश कोठी से जुड़े निर्माण को छोड़कर रिम्स परिसर में बने सभी भवनों को तोड़ा जा रहा है.

# ईडी ने MAXIZONE के निदेशक चंद्रभूषण सिंह को रिमांड पर लिया

रांची, संवाददाता ।

प्रवर्तन निदेशालय ने MAXIZONE के निदेशक चंद्रभूषण सिंह और उसकी पत्नी प्रियंका सिंह को गिरफ्तार कर लिया. साथ ही चंद्रभूषण सिंह को पूछताछ के लिए पांच दिनों के रिमांड पर लिया. दोनों पति-पत्नी पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारी के बाद से जेल में थे. ईडी ने MAXIZONE चिटफंड घोटाले की जांच के दौरान चार दिसंबर 2025 को दूसरे चरण की छापामारी की थी. इसमें चंद्रभूषण सिंह द्वारा 300 करोड़ रुपये के निवेश से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए थे. छापामारी के दौरान मिले दस्तावेज के आधार पर आगे की जांच के लिए ईडी ने चंद्रभूषण सिंह और उसकी पत्नी प्रियंका सिंह को गिरफ्तार किया. पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में बंद है. इन दोनों पर कम समय में ज्यादा मुनाफे का लालच देकर



लोगों से 500-600 करोड़ रुपये की ठगी का आरोप है. इन दोनों अभियुक्तों ने झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक में **MAXIZONE** का कार्यालय खोला और ठगी के बाद फरार हो गए. फरार होने के बाद चंद्रभूषण सिंह ने अपना नाम बदल कर दीपक सिंह कर लिया था. ईडी ने **MAXIZONE** के खिलाफ जमशेदपुर में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग के मामले की जांच शुरू की है. दूसरे चरण की छापामारी के बाद ईडी ने चंद्रभूषण सिंह को रिमांड पर लेने के लिए न्यायालय में आवेदन दिया था. न्यायालय ने सुनवाई के बाद चंद्रभूषण सिंह को पूछताछ के लिए पांच दिनों के रिमांड पर देने का आदेश दिया.

# एससी और ओबीसी छात्रवृत्ति मिलने की जगी उम्मीद, मंत्री चमरा लिंडा को केंद्रीय मंत्री आठवले ने दिलाया भरोसा

रांची, संवाददाता ।

झारखंड के एससी और ओबीसी छात्रों के लिए अच्छी खबर है. लंबे समय से बकाया छात्रवृत्ति मिलने की उम्मीद जगी है. राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा को इस बाबत केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के राज्य मंत्री रामदास आठवले से आश्वासन मिला है. केंद्रीय राज्य मंत्री ने बकाया राशि क्लियर करने का निर्देश भी दे दिया है.

**छात्रवृति नहीं मिलने से परेशान छात्रों के लिए गुड न्यूज**

सूबे के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा की ओर से बताया गया कि मंगलवार को उन्होंने दिल्ली में इस गंभीर मसले को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री से मुलाकात की है. उनको एक ज्ञापन सौंपते हुए छात्रों की परेशानी से अवगत कराया है. इसपर केंद्रीय राज्य मंत्री ने विभागीय सचिव को फोन पर मामले को जल्द सुलझाने का निर्देश दिया है. सूबे के मंत्री ने ज्ञापन में लिखा है कि ओबीसी और एससी के प्री-मैट्रिक (9वीं-10वीं) और पोस्ट मैट्रिक के छात्रों को वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 का पूर्ण केंद्रांश उपलब्ध नहीं होने के कारण छात्रवृत्ति भुगतान



लंबित है. जिसकी वजह से छात्र आंदोलनरत हैं. प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के भुगतान के लिए 21 अक्टूबर 2024 और 11.06.2025 को केंद्र को पत्र को लिखा जा चुका है. साथ ही पोस्ट मैट्रिक के लिए 29.12.2023, 5-7-2024 और 18-7-2025 को पत्र लिखा जा चुका है.

**आए दिन छात्रवृत्ति के लिए हो रहे हैं आंदोलन**

बता दें कि लंबित छात्रवृत्ति को लेकर आए दिन राज्य में आंदोलन हो रहा है. आजसू, जेएलकेएम के बाद भाजपा युवा मोर्चा ने भी प्रदर्शन किया है. वहीं पिछले शीतकालीन सत्र के दौरान भी यह मामला सदन के भीतर और बाहर जोरशोर से उठ चुका है. पिछले दिनों सदन में एक सवाल के जवाब में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने दावा किया था कि केंद्र के सौतेलापन की वजह से छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है.

**राज्य सरकार का दावा**

मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा था कि पोस्ट मैट्रिक ओबीसी छात्रों के लिए साल 2023-24 में 271.37 करोड़ की मांग रखी गई थी. इसकी तुलना में केंद्र से सिर्फ 77.31 करोड़ रु. मिले. इसी तरह साल 2024-25 में 253.21 करोड़ की मांग की गई. इसकी जगह महज 33.57 करोड़ ही मिले. साल 2025-26 में 370.17 करोड़ की मांग की गई. लेकिन इसके एवज में एक पैसा भी नहीं मिला. वहीं साल 2023-24 में प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप मद में 67.88 करोड़ की मांग की गई थी. बदले में सिर्फ 7.35 करोड़ रु मिले. इसी तरह साल 2024-25 में 66.14 करोड़ के बदले महज 11.61 करोड़ मिले. जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 45.91 करोड़ की मांग रखी गई लेकिन सिर्फ 3.95 करोड़ रु. मिले.

# रांची में हॉकी इंडिया लीग की तैयारी तेज, 28 दिसंबर से 16 जनवरी तक खेले जाएंगे मुकाबले

रांची, संवाददाता ।

हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025झ्26 को लेकर राजधानी रांची में तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं. मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में इन दिनों युद्ध स्तर पर काम चल रहा है. स्टेडियम में रंग-रोगन, दर्शक दीर्घा की मरम्मत, मैदान की फिनिशिंग और तकनीकी व्यवस्था को तेजी से पूरा किया जा रहा है. इस बड़े आयोजन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी रांची के खेलप्रेमियों के लिए खास आकर्षण होंगी. महिला हॉकी इंडिया लीग के सभी मुकाबले रांची में ही खेले जाएंगे, जिससे शहर में हॉकी का उत्साह चरम पर है.

**स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान**





आयोजकों द्वारा स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है. प्रवेश द्वार, दर्शक दीर्घा और खिलाड़ियों के मूवमेंट एरिया में विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं. दर्शकों के लिए निशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई है, जिससे बड़ी संख्या में हॉकी प्रेमियों के पहुंचने की उम्मीद है. रांची रॉयल्स की महिला टीम जल्द ही रांची पहुंचेगी. टीम का नियमित अभ्यास शिविर 17 दिसंबर से शुरू हो जाएगा. महिला टीम में झारखंड की चार स्टार खिलाड़ी संगीता कुमारी, निक्की प्रधान, ब्यूटी डुंगी और दीपिका सोरेन शामिल हैं, जो अपने घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन को लेकर उत्साहित हैं. अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों का दल 20 और 21 दिसंबर को रांची पहुंचेगा. जिसके बाद टीम संयोजन को अंतिम रूप दिया जाएगा. खास बात यह है कि झारखंड की अंतरराष्ट्रीय स्टार सलीमा टेटे इस सत्र में रांची रॉयल्स के खिलाफ खेलती नजर आएंगी. वहीं निक्की प्रधान वर्तमान में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का हिस्सा हैं.

**पुरुष टीम 25 दिसंबर को पहुंचेगी रांची**

पुरुष हॉकी इंडिया लीग के मुकाबलों को लेकर भी तैयारियां तेज हैं. रांची रॉयल्स (पुरुष) की टीम 25 दिसंबर को रांची पहुंचेगी. पुरुष वर्ग के कुल नौ मुकाबले रांची में खेले जाएंगे, जिससे शहर में लंबे समय तक हॉकी का रोमांच बना रहेगा. टीमों और अधिकारियों के ठहरने की पूरी व्यवस्था पहले ही कर ली गई है. रांची रॉयल्स की महिला और पुरुष दोनों टीमों को होटल रेडिसन ब्लू में ठहराया जाएगा. इसके अलावा होटल पार्क प्राइम और होटल लीलैक में भी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिए कमरे बुक किए गए हैं.

**महिला एचआईएल 28 दिसंबर से**

महिला हॉकी इंडिया लीग के मुकाबले 28 दिसंबर से 10 जनवरी तक खेले जाएंगे. सभी मुकाबले रांची में ही आयोजित की जाएगी. इसे लेकर स्थानीय स्तर पर खिलाड़ियों में खासा उत्साह नजर आ रहा है. वहीं पुरुष वर्ग के मुकाबले जनवरी माह में होंगे, जिनमें रांची में कई अहम मैच खेले जाएंगे.



# देश के मुसलमानों को कमजोर समझने की गलती कोई न करे : मौलाना गुलाम रसूल बलयावी

## .....पूरे देश में काईम किए जाएंगे दारुल कजा.....

संवाददाता । रांची



रांची/पटनाः प्रोग्राम के मुताबिक, 16/ दिसंबर 2025 को पटना के खजुरबन्ना में न्यू बिल्डिंग एदार ए शरीया के अल्लामा अरशद-उल-कादरी सेमिनार हॉल में हुजूर अमीने शरीयत की अध्यक्षता में बिहार, झारखंड, बंगाल, ओडिशा के जाने-माने विद्वानों, काज़ियों, मुफ्तियों और समाज के जाने-माने लोगों की एक जॉइंट रिप्रेजेंटेटिव कंसल्टेटिव मीटिंग₹प्रतिनिधि परामर्श अधिवेशन₹हुवा। जिसका पहला राउंड कुरान पाक की तिलावत और नाते मुस्तफा पेश करने के साथ शुरू हुआ। जोहर से पहले अधिवेशन में हिस्सा लेने वालों की शानदार राय पेश की गई। जोहर की नमाज के बाद 35/ रिजॉल्यूशन/ प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बिहार प्रान्त के मुजफ्फरपुर, बेतिया, मोतिहारी, शिवहर, गोपालगंज, सीवान, छपरा, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, भागलपुर,सहरसा, कि श न ा ग ं ज , अ र ि य ा , पूर्णिया,कटिहार, बिहार शरीफ,नवादा, पटना,जहानाबाद, ग ा य ा , अ र व ल ा , ब ा क स ा र , आ र ा , स ा ह स ा र ा म ा , औरंगाबाद,शेखपुरा एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों से मस्जिदों के इमामों,उलेमा व समाज के परबोध लोगों ने भाग लिया एवं बहुमूल्य विचार प्रस्तुत किए। प्रतिनिधि बैठक के एजेंडे में विभिन्न प्रान्तों में काईम एदार ए शरीया की शाखाओं के क्रिया कलापों की समीक्षा, वक्फ संपत्तियों सुरक्षा से सम्बंधित हो रही चिंताओं एवं आने वाली कठिनाइयों पर विचार,वर्तमान स्थिति से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार एवं आवश्यक उपायों पर विचारों का आदान-प्रदान,दारुल कजा में हुवे फेसलों का जाएजा एवं कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर शाखाओं की स्थापना पर विचारों का आदान-प्रदान,एदार ए शरीया का प्रभाव एवं इसकी निरंतरता पर विचार !मीटिंग में 150 से ज्यादा बुजुर्गों ने अपनी कीमती राय दी। मीटिंग में मुख्य भाषण देते हुए,अधिवेशन के मुख्य अतिथिऔर सेंट्रल एदार ए शरिया के प्रेसिडेंट मौलाना गुलाम रसूल बलयावी ने हिस्सा लेने वालों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने विभिन्न राज्यों में फैली एदारा के ब्रांचों और दारुल कजा की सेवाओं पर खुशी जाहिर की और कहा कि हमारे बुजुर्गों, हजरत मुफ़्ती आजमे हिंद,हजरत हाफिजे मिल्लत,हजरत मुजाहिदे मिल्लत, हजरत बुरहाने मिल्लत की सरपरस्ती में अल्लामा अरशद-उल-कादरी ने एदार ए शरिया को उन्हीं लाइनों और उसूलों पर बनाया गया था,जिन पर इसे बनाया गया था। आज यह एक तनावर पेड़ बन गया है। अब देश की जरूरत बन गया है एदार ए शरीया। मौलाना गुलाम रसूल बलयावी ने मौजूदा हालात पर डिटेल में बात करते हुए कहा कि मुसलमान देश की सुरक्षा और तरक्की के लिए रीढ़ की हड्डी की तरह हैं। इस समाज की कुर्बानियां बहुत बड़ी हैं। मुसलमानों को किसी भी इंसान, संगठन, संस्था या ग्रुप कमजोर समझने की गलती नहीं करनी चाहिए। मौलाना बलयवी ने कई गाइडलाइंस भी दिए। उन्होंने आगे कहा कि हमारा देश भारत शांति का गढ़ है और रहेगा। प्रतिनिधि बैठक में मुफ्ती जुबैर अहमद सिद्दीकी काजी शरीयत पूर्णिया,मुफ्ती शमीम कादरी काजी शरीयत मुजफ्फरपुर,मौलाना शबीर मलिक मिस्बाही बंगाल, मुफ्ती रहमत बंगाल, मौलाना अजहर-उल-हक उड़ीसा,

# उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक संपन्न

संवाददाता । रांची




दुमकाःसमाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह न्यास परिषद के अध्यक्ष अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जामा विधायक डॉ. लुईस मरांडी, शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन सहित विधायक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी प्रखंडों के मुखिया बैठक से जुड़े।

बैठक में जानकारी दी गई कि खनन क्षेत्र से 15 किमी के दायरे में आने वाले क्षेत्र को डायरेक्टली अफेक्टेड एरिया तथा 25 किमी के दायरे को इनडायरेक्टली अफेक्टेड एरिया की श्रेणी में रखा गया है। इनडायरेक्टली अफेक्टेड एरिया की श्रेणी में पूरा जिला शामिल है। यह भी बताया गया कि डीएमएफटी फंड का 70 प्रतिशत भाग डायरेक्टली अफेक्टेड एरिया में खर्च करना अनिवार्य है।

बैठक में सरकार द्वारा प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के अंतर्गत जारी सेक्टरवार दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। निर्देशों के अनुसार फंड का अधिकतम 70 प्रतिशत भाग हाई पिरोरिटी सेक्टर तथा न्यूनतम 30 प्रतिशत भाग लो पिरोरिटी सेक्टर में व्यय किया जाना अनिवार्य होगा।

हाई पिरोरिटी सेक्टर के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं दिव्यांग कल्याण, स्वच्छता, आवास, कृषि एवं पशुपालन, कौशल विकास एवं जीविकोपार्जन से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। वहीं लो पिरोरिटी सेक्टर में आधारभूत संरचना, सिंचाई, ऊर्जा, जलछानन सहित अन्य संबंधित कार्यों को शामिल किया गया है। जारी दिशा-निर्देशों का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में जनहित से जुड़े मूलभूत एवं सामाजिक विकास कार्यों को प्राथमिकता देना, जीवन स्तर में सुधार लाना तथा संतुलित विकास सुनिश्चित करना है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े मुखियाओं को उपायुक्त ने निर्देश दिया कि डायरेक्टली अफेक्टेड एरिया में किसी भी विकास कार्य के लिए ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव भेजें, ताकि नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जा सके।बैठक में जामा विधायक डॉ. लुईस मरांडी ने कहा कि डीएमएफटी की राशि का उपयोग जिले के विकास कार्यों में किया जाए, जिससे आमजनों को सीधा लाभ मिले।

उन्होंने पेयजल से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया।शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन ने कहा कि जिला आदिवासी बहुल है, इसलिए सभी को मिलकर समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

## सीआईएसएफ पूर्वी क्षेत्र का कोयला क्षेत्र की सुरक्षा पर दो दिवसीय कार्यात्मक कार्यशाला




संवाददाता । रांची

डकरा : सीआईएसएफ पूर्वी क्षेत्र मुख्यालय, रांची द्वारा भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के सहयोग से 15 व 16 दिसंबर को बीसीसीएल मुख्यालय, कोयला नगर, धनबाद में कोयला क्षेत्र की सुरक्षा पर आधारित दो दिवसीय कार्यात्मक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सीआईएसएफ के महानिदेशक श्री प्रवीण रंजन, आईपीएस तथा एडीजी/नॉर्थ सुधीर कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। कार्यशाला में सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी, कोल इंडिया की सहायक कंपनियों के प्रतिनिधि, जिला प्रशासन, उद्योग विशेषज्ञ एवं शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कोयला क्षेत्र से जुड़ी उभरती सुरक्षा चुनौतियों, सर्वोत्तम सुरक्षा उपायों तथा भविष्य की रणनीति पर मंथन करना था, ताकि देश के ऊर्जा सुरक्षा ढांचे को और अधिक मजबूत किया जा सके।कार्यशाला का उद्घाटन बीसीसीएल के सीएमडी श्री मनोज कुमार अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर सीआईएसएफ पूर्वी क्षेत्र के आईजी श्री दीपक वर्मा, सीआईएसएफ डीआईजी/ऑपरेशंस (बल मुख्यालय), देशभर की कोयला आधारित सीआईएसएफ इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारी,

## स्मिता बनीं अध्यक्ष, उमा सिन्हा को सचिव का प्रभार

### एबीकेएम की 'समाज कल्याण महिला प्रकोष्ठ ' का गठन



संवाददाता । रांची

रांची। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ( एबीकेएम ) की बैठक कडरू स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। इस अवसर पर महासभा की 'समाज कल्याण महिला प्रकोष्ठ ' का गठन किया गया। इस दौरान प्रकोष्ठ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा गया। साथ ही अंग वस्त्र से भी सम्मानित किया गया। नवनिर्मित प्रकोष्ठ में स्मिता को अध्यक्ष, उमा सिन्हा को सचिव, निर्मला कर्ण को महामंत्री, रेनूबाला धर को उपाध्यक्ष, कल्पना केसर को उपाध्यक्ष, इंदु श्रीवास्तव को उप सचिव सह कोषाध्यक्ष और ज्योति सिन्हा को उप सचिव बनाया गया। मौके पर रंगोली सिन्हा को ' कला व संस्कृतिक प्रकोष्ठ ' का सचिव भी बनाया गया। इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाना पूरे कायस्थ समाज के लिए गौरव की बात है। श्री कुमार ने समाज के हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने की बात पर जोर दिया। कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश शरण ने बताया कि आने वाले दिनों में महासभा जो विशेष अभियान चलाएगी, उससे न सिर्फ चित्रांश समाज के लोग बल्कि सभी समाज के लोग लाभान्वित हो सकेंगे। कार्यक्रम में महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी बी सहाय, महामंत्री सुशील कुमार लाल, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेश सिन्हा, महासभा की संयुक्त सह सचिव सत्या सिन्हा, कला व संस्कृतिक प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रीति सिन्हा, व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रवि कुमार, जिला युवा अध्यक्ष सजल सिन्हा, पवन किशोर सिन्हा समेत महासभा के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष,महासचिव, संयुक्त सचिव एवं कार्यकारणी को बधाई दिया.... लहू बोलेगा



संवाददाता । रांची

आज ₹लहू बोलेगा₹ रक्तदान संगठन रांची के नेतृत्व में रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संपादक शंभूनाथ चौधरी,महासचिव अभिषेक सिन्हा,संयुक्त सचिव चंदन एवं कार्यकारणी को लहू बोलेगा के नदीम खान,ताज खान,अकरम राशिद एवं थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों ऐलेक्स टोप्पो,अनिस टोप्पो एवं पीड़ित परिजन संजय टोप्पो,जयनाथ महतो,संजय महतो,विजय शर्मा ने बुके,अंगवस्त्र एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी साथ ही सामाजिक सरोकारों में भी योगदान देने की शुभकामनाएं भरी उम्मीद की।

प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से अपील की थैलेसीमिया/सिकल सेल ए न ी ि म ा य ा / अ प्ल ा ा स्टि क एनीमिया/ब्लड कैंसर/होमोफिलिया के बच्चों/पीड़ितों के लिए प्रेस क्लब में एवं मीडिया संस्थानों में रक्तदान-महादान शिविर लगा दें जो इनके लिए लाइफ लाइन है,जिसकी वजह से यह जीवित रह पाएंगे।

श्रीमान अध्यक्ष शंभूनाथ चौधरी जी समेत सभी पदाधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत कर सभी मिठाई भी खिलाई और हमलोगों की अपील को स्वीकार किया।

# रांची के विभिन्न अंचलों में जनता दरबार का आयोजन

संवाददाताी



रांची : उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को रांची जिला के सभी अंचलों में नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। जनता दरबार का उद्देश्य आमजनों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा एवं प्रमाण-पत्र से संबंधित विभिन्न मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। सोनाहातू अंचल में ग्राम बारेंदा के आवेदक संतोष कुमार साहू के भूमि संबंधी पंजी-2 में सुधार करते हुए लगान रसीद निर्गत किया गया। वहीं, ग्राम डिबाडीह की शुकरु देवी एवं ग्राम ठंगरुडीह के राधा कृष्ण महतो को पारिवारिक प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया। माण्डर प्रखण्ड में आयोजित जनता दरबार के दौरान ग्राम झिंझरी के सुनील टोप्पो के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दिव्यांग पेंशन का स्वीकृति प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया। ग्राम हातमा की किशोनती देवी को वृद्धा पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई। ग्राम चटवल निवासी जुनैद अंसारी को जाति प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया, जबकि माण्डर अंचल अंतर्गत सरवा पंचायत के आवेदक विश्वेश्वर उरांव के भूमि संबंधी प्लॉट में सुधार किया गया। सिल्ली अंचल में नागेडीह की सुषमा कुमारी को आय प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया। ग्राम लोदमु के मृतक के आश्रित केस्वा देवी को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर चार लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के आश्रित सविता देवी को एक लाख रुपये की मुआवजा राशि उपलब्ध कराई गई।अनगड़ा अंचल में नारायण सोसो, जगदीश कुम्हार, रीना कुमारी, सोहराई गंझू, ठाकुर दास महतो, जयप्रकाश साहू एवं दिलमनी देवी के भूमि संबंधी पंजी-2 में सुधार किया गया। ग्राम चिलदाग के चमरु महतो के उत्तराधिकारी हेतु नामांतरण करते हुए शुद्धि-पत्र निर्गत किया गया। वहीं ग्राम टाटी की उर्मिला देवी को तत्काल आय प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया गया।बेड़ो अंचल में ग्राम पांडेपारा निवासी अमित उरांव द्वारा स्कॉलरशिप फॉर्म भरने हेतु जाति एवं आवासीय प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन दिया गया था। जनता दरबार में ही आवेदक को जाति एवं आवासीय प्रमाण-पत्र निर्गत कर दिया गया।

# ब्रीफ न्यूज

## फिल्म कला एवं संस्कृति उप समिति की बैठक संपन्न




संवाददाता ।

रांची। फिल्म कला एवं संस्कृति उप समिति की बैठक 16 दिसम्बर 2025 को उपसमिति के चेयरमैन आनंद जालान की अध्यक्षता में चेम्बर भवन में हुई फिल्म एवं कला के विषय में काफी बातें हुईं फिल्म फेयर अवार्ड विनर दर्शन जालान, जिन्हें फिल्म लापता लेडिज में बेस्ट कॉस्टूम अवार्ड मिला हैं उनको चेम्बर द्वारा सम्मानित किया जायेगा आज की बैठक में चेम्बर के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, चेयरमैन आनंद जालान, किशन अग्रवाल, , प्रमोद सारस्वत, सुभासिष चटर्जी, दुर्गा तिवारी, गिरजा शंकर पेडिवाल, स्वप्ना चटर्जी उपस्थित थें ।


## शोक व्यक्त : झारखंड सरकार में श्रममंत्री नेता संजय प्र यादव की माता जी निधन पर राजद परिवार शोक संवेदना व्यक्त किया : कैलाश यादव

संवाददाता ।



रांची। प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने बताया कि राजद के वरिष्ठ नेता झारखंड सरकार में श्रम नियोजन कौशल विकास एवं उद्योग मंत्री संजय प्र यादव के माता लगभग 79 वर्षीय प्रेमलता देवी का लंबी बीमारी के कारण आज निधन हो गया है !यादव ने कहा कि विगत कई दिनों से बीमार चल रही थी अस्पताल में भर्ती रही,और पटना मेदांता अस्पताल में भी इलाज चल रहा था ! इनके निधन पर प्रदेश राजद परिवार की ओर से शोक संवेदना व्यक्त किया गया है ! निधन के दुखद समाचार मिलने पर प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय कु सिंह यादव विधायक दल नेता सुरेश पासवान विधायक नरेश प्र सिंह पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता पूर्व विधायक गौतम सागर राणा सहित तमाम प्रदेश पदाधिकारी ने गहरा शोक व्यक्त किया है !

## सनफीस्ट मॉम्स मैजिक ने घीरोस्टेड नट्स कुकीज पेश किए



संवाददाता ।

राँचीः कुछ खुशबूएँ केवल कमरे को नहीं महकाती है बल्कि आपके दिल पर एक गहरी छाप छोड़ देती हैं। मेवों और गर्म घी का मिलन भी कुछ ऐसी ही यादें छोड़ जाता है। यह भारतीय घरों में एक गतिमान याद की तरह फैलती है, जो बताती है कि प?यार, उत?साह और परंपरा के साथ कुछ अनोखा बनाया जा रहा है, जो सिर्फ एक माँ ही बना सकती है। भारतीय किचन के इस कभी न भूलने वाले पल को ही सनफीस्ट ने अपनी नई पेशकश - मॉम्स मैजिक घी रोस्टेड नट्स कुकीज का आधार बनाया है। इस लॉन्च के साथ, ब्रांड ग्राहकों को घी-रोस्टेड नट्स कुकीज के बेहतरीन स्वाद का फिर से आनंद उठाने के लिए आमंत्रित कर रहा है झ काजू और बादाम से ठीक उसी तरह बनाया गया है जैसे एक माँ बनाती हैं।कई पीढ़ियों से, माँओं ने इस सच?चाई को करीब से जाना है कि मेवों को घी में भूनने से इसका स?वाद अनोखा हो जाता है। इससे एक अनूठी/ताजी और अच्छी खुशबू आती है और इसे जिस भी चीज में मिलाया जाता है, उसका स्वाद और भी बढ़ जाता है। इस सुनहरे घी में भुने हुए मेवों के क्रंच से बने ये कुकी मुंह में जाते ही घुल से जाते हैं, जो अनूठा और स्वादिष्ट लगता है।सुश्री कविता चतुर्वेदी, इव चीफ एग्जीक्यूटिव, बिस्कुट्स एंड कन्फेक्शन?स, फूड्स डिवीजन क्ळठ छ३ ने नए लॉन्च के बारे में कहा, ह्लमेवों को घी में भूनना हमेशा से भारतीय खाना पकाने के सबसे खास तरीकों में से एक रहा है। मॉम्स मैजिक घी रोस्टेड नट्स के साथ, हम कुकी में घी में भुने हुए मेवों का इस्तेमाल करके उन पुरानी यादों को फिर से ताजा करना चाहते थे –ठीक वैसे ही जैसे मांएं करती हैं। हर बाइट को उसी जाने-पहचाने प?यार/स?नेह और आराम का अहसास कराने के लिए बनाया गया है।यह प्रोडक्ट पूरे भारत में रिटेल स्टोर और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा

## मेरी आवाज मेरी पहचान संस्था का पदभार ग्रहण समारोह सम्पन्न

संवाददाता ।



रांची : होटल रेडिसन ब्लू में मेरी आवाज मेरी पहचान के कोर कमेटी की बैठक हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्थापक कुमार गहलोत के अध्यक्षता मे संपन्न हुई।बैठक मे संस्था के और बेहतर प्रदर्शन के लिए सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चयन कर जिम्मेवारी भी सौंपी गई। यह जिम्मेवारी 01 जनवरी 2026 से 31 दिसंबर 2026 तक के लिए ही है परन्तु इस अवधि मे नए पदाधिकारियों का कार्य, आचरण, समर्पण आदि संतोषजनक रहा तो अगले वर्ष भी इसी सम्माननीय पद पर बने रहने पर विचार विमर्श किया जाएगा। नए पदाधिकारी - अध्यक्षः बॉलीवुड एक्टर देवेश खान साहब, सचिव - कविता होरो, सह सचिव - सोनी सिंह, संरक्षक - प्रभात कुमार राजन एवं शिव किशोर शर्मा, संरक्षक सह सलाहकार - गिरजा शंकर पेड़ीवाल, संगठन सचिव - विवेक पासवान। मौके पर अध्यक्ष बॉलीवुड एक्टर देवेश खान साहब ने कहा मेरी आवाज मेरी पहचान संस्था कला संस्कृति ( गायन ) के क्षेत्र मे बेहतर प्रदर्शन कर रही है और इसके लिए सभी का सहयोग और आशीर्वाद आवश्यक है साथ ही संस्थापक कुमार गहलोत ने कहा की मुझे सभी पदाधिकारियों से उम्मीद है कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का कार्य करेंगे ताकि आने वाले समय मे मेरी आवाज मेरी पहचान संस्था आगे बढ़कर अपनी एक अलग पहचान बनाए यह जानकारी संरक्षक शिव किशोर शर्मा ने दी है।

# अश्विनी वैष्णव रेल मंत्री को रेलवे संबंधी अपेक्षाएं एवं सुझाव हेतु सौंपा ज्ञापन

**धनबाद, संवाददाता**




फेडरेशन ऑफ धनबाद जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारीओं एवं सदस्यों ने मिडिया को बताया कि धनबाद (झारखण्ड) देश की कोयला राजधानी के साथ-साथ रेलवे के राजस्व में पुरे देश में अपना प्रथम स्थान रखता है। साथ ही भौगोलिक दृष्टिकोण से भी पनबाद अपना विशिष्ट स्थान रखता है। धनबाद में विश्वस्तरीय संस्थान जैसे आईआईटी आईएसएम डीजी एमएस जैसे संस्थाएं है। शिक्षा प्राप्त करने के लिए देश-विदेश से कई छात्र-छात्राएँ धनबाद आते हैं। धनबाद (झारखण्ड) के व्यापारियों, छात्रों एवं आम जनमानस की सुविधाओं के लिए धनबाद जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुए अश्वनी वैष्णव रेल मंत्री से ज्ञापन सौंप कर निवेदन किया है की धनबाद (झारखण्ड) से बेंगलुरू, पुणे, हैदराबाद, वैल्लोर, मुंबई एवं नई दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन परिचालन एवं नई दिल्ली के लिए महाबोधी एक्सप्रेस जो गया से चलती है को धनबाद तक बढ़ाने की कृपा की जाए। पूर्व मध्य रेलवे जोन का मुख्यालय धनबाद (झारखण्ड) में बनाया जाए।मतारी-चन्द्रपुरा वैकल्पिक लाइन गोमो में इंजन बदलने की समस्या को खत्म करने और भुमिगत आग से सुरक्षित मार्ग प्रदान करने की कृपा की जाए।धनबाद कोयलानगरी से इस्पात नगरी जमशेदपुर की दुरी 140 कि. मी. है। इस रूट में चलनेवाली ट्रेन वर्तमान में स्वर्णरिखा एक्सप्रेस जिसका दो बार इंजन चेंज होता है एवं मेमु ट्रेन गोमो बोकारो रूट से चलने के कारण 7 से 8 घंटा लग जाता है। विकल्प के रूप में इस ट्रेन के रूट को इंटरवेंज किया जाए एवं एक इएमयू सुपर फास्ट ट्रेन चलाया जाए जिससे दुरी 3 घंटा में तय किया जा सके। साथी बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धनबाद के आम जनमानस की सुविधाओं एवं जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने हेतु बैंक मोड़ स्थित मिट्ठू रोड से होते हुए भूली मोड़ तक रेलवे अण्डरपास को स्वीकृति प्रदान करने एवं झरिया पुल के बन्द रेलवे लाइन पर बैंक मोड़ से होते हुए जोड़ाफाटक तक पर सुगम रास्ता बनाने की अनुमति देने का ज्ञापन सौंप कर आग्रह किया। बैठक में फेडरेशन ऑफ धनबाद जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष चेतन प्रकाश गोयनका, जनरल सेक्रेटरी अजय नारायण लाल, बैंक मोड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रमोद गोयल, बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव विनोद गुप्ता, ललित अग्रवाल, विकास कंधवे, देवाशीष पाल समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# संगीत और कला का सुंदर सोपान 'भारत के गवैया' की बैठक संपन्न

**धनबाद, संवाददाता**



रांची के लालपुर स्थित बीके सहायक कंपाउंड में भारत के गवैया की बैठक आयोजित की गई। यह मंच उभरते हुए कलाकारों के लिए बना है। जिसमें उनकी एक अलग पहचान होगी और उन्हें इस माध्यम से रोजगार भी मिलेगा। 'भारत के गवैया' की बैठक टी सीरीज गायिका एवं समाज सेवी वीणा श्री सरकार के सौजन्य से सम्पन्न हुआ। इस बैठक में भारत के गवैया के फाउंडर सदस्य डा जितेंद्र कुमार ने वीणा श्री सरकार को ऑडिशन डायरेक्टर, आभा सिंह को असिस्टेंट ऑडिशन डायरेक्टर और सरिता केडिया को सहयोगी बनाया गया है। नवनीत पाण्डेय एवं सुबोध कुमार को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी बनाया गया। प्रिंट मीडिया प्रभारी ऋतुराज वर्षा को नियुक्त किया गया साथ ही सोशल मीडिया प्रभारी का दायित्व गुरविंदर कौर एवं रोशन कुमार को सौंपा गया। भारत के गवैया ग्रुप के लिए एडवाइजर अरशद उबैद को बनाया गया है।

इस मौके पर ऑडिशन डायरेक्टर वीणा श्री सरकार ने बताया कि भारत के गवैया एक ऐसा मंच है जहां संगीत और कला से जुड़े प्रतिभाओं को मौका देकर उनकी प्रतिभाओं को निखारा जाएगा। आगे इस मंच के माध्यम से आने वाले दिनों में शिक्षण संस्थानों के बच्चों द्वारा ऑडिशन कराया जाएगा। चयनित बच्चों को भारत के गवैया द्वारा सेमीफाइनल और फाइनल कराकर संगीत तथा कला के जरिए आगे बढ़ने का मौका दिया जाएगा। यह जानकारी मंच की एडवाइजर शिवानी सिंह ने दी। बैठक में मुख्य रूप से ए वी एन ग्रुप के डायरेक्टर और भारत के गवैया के एडवाइजर अरशद उबैद, डा जितेंद्र कुमार फाउंडर आभा सिंह, सरिता केडिया, ऋतुराज वर्षा, गुरविंदर कौर, पूजा शर्मा, नवनीत पाण्डेय, अनिल कुमार, गुलजार खान आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबर

### महत्त्वकांक्षी योजना धान अधिप्राप्ति को लेकर विधायक के साथ हुई बैठक



**हुसैनाबाद/पलामू:** मंगलवार को हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव के आदेशानुसार किसान हित में हुसैनाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा के अध्यक्षता में पैक्स अध्यक्ष, किसान मित्र, जनसेवक की बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्य रूप से झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही अति महत्वकांक्षी योजना धान अधिप्राप्ति कार्य लाभ सभी किसानों को दिलाना है।ताकि किसानों द्वारा उत्पादित धान का समर्थन मूल्य एवं बोनस सहित 2450 रुपए प्रति क्विंटल मिल सके ।इसके लिए बैठक में उपस्थित व्यापारमंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ,पैक्स अध्यक्ष,किसान मित्र ,जनसेवक को निर्देशित किया गया कि आप सभी अपने अपने क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार करे और जिनका अभी तक ई उपार्जन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है उन्हें सभी कागजात लेकर अंचल कार्यालय में जाम करे ताकि उनका यथा शीघ्र निबंधित कर योजना का दिया सके ।बैठक में उपस्थित अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने अंचल निरीक्षक आशीष कुमार को निर्देश दिया कि किसानों द्वारा दिया गया आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करे ।व्यापारमंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा जी ने सभी पैक्स अध्यक्ष एवं सभी किसान मित्रों को योजना का लाभ बताते हुए वंचित किसान का यथा शीघ्र फॉर्म कलेक्ट कर कार्यालय में जमा कीजिए ।मौके पर पैक्स अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव,सुजीत मेहता,बिमलेश पासवान,सत्यनारायण सिंह,सुरेंद्र सिंह,रंजीत गुप्ता ,बलराम मेहता ,अयोध्या सिंह,किसान मित्र राजकुमार यादव, अनिल यादव लवकुमार सिंह,सुनील कुमार पाठक,राजेंद्र सिंह, राजकुमार पाल, नागेंद्र सिंह ,विनय यादव,जनसेवक अनिल कुमार,अखिलेश शर्मा,

### शहर थाना की पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार और टीओपी 3 प्रभारी अजय कुमार गुप्ता ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे दो वारंटियो को गिरफ्तार कर मंगलवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है ।जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया ।गिरफ्तार वारंटियों में (1)शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज मोहल्ला निवासी स्वर्गीय भोला राम के पुत्र रवि राम (2)शहर थाना क्षेत्र के निमिया निवासी रामनाथ भुइयां के पुत्र तेतर भुइयां का नाम शामिल है ।इस संबंध में शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने बताया कि पलामू एसपी के निर्देश पर शहर थाना क्षेत्र में फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की देर रात छापेमारी कर दोनो वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है ।उन्होंने कहा कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और जल्द ही अन्य आरोपियों को भी न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। वही स्थानीय शहरवासियों ने पुलिस भी इस कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया है।

### भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष नवीन नितिन को दी बधाई, इनके नेतृत्व में भाजपा और मजबूत होगा, अशोक



**हुसैनाबाद/ पलामू :** भाजपा किसान मोर्चा के त्रिपुरा राज्य प्रभारी झारखंड के वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक सिंह ने बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर उनसे मिलकर बधाई दी है, अशोक सिंह ने कहा की भाजपा युवा मोर्चा में उनके साथ रहकर काम करने अनुभव मिलता रहा, नितिन नवीन जी को संगठन में काम करने का बड़ा अनुभव है, वे अपने विनम्र स्वभाव के साथ जमीन पर काम करने के लिऐ जाने जाते हैं, वे अपनी नई भूमिका में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में पार्टी को और ऊंचाइयों पर ले जाएंगे, बधाई देने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह, प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह, प्रेमतोश सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, रंजीत पासवान, रामराज मेहता, समेत कई भाजपा कार्यकताओं के नाम शामिल है

### बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने खेल प्रतियोगिता में किया बेहतर प्रदर्शन, छात्राएं हुई सम्मानित



**कोडरमा :** जिला के डोमचांच ढाब रोड में संचालित बालिका उच्च विद्यालय में बीते माह आयोजित बाल दिवस को लेकर छात्राओं के बीच खेल प्रतियोगिताओं जैसे की कैरम प्रतियोगिता, लुडो प्रतियोगिता, लॉन्ग जंप, स्पून रेस, सुई धागा रेस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को विद्यालय की सचिव सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता के द्वारा मेडल और प्राइज देकर सम्मानित किया गया। वहीं सचिव लीलावती मेहता ने कहा कि वर्तमान समय में छात्राओं को पढ़ने के साथ-साथ खेलने में भी रुचि रखनी चाहिए क्योंकि अब खेल में भी कई कई असीम संभावनाएं छात्राएं के लिये है। जिसमें वह अपनी भविष्य बना सकते हैं। पढ़ने से मानसिक विकास जबकि खेलने से शारीरिक विकास होता है। ऐसे में जीवन में खेलना और पढ़ना दोनों ही बेहद ही जरूरी है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुमारी रेखा रानी ने खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहां की आने वाले समय में पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी निरंतर जारी रखें। ताकि भविष्य में बेहतर सफलता हासिल कर सके। वही सभी छात्रों को विद्यालय की सचिव लीलावती मेहता एवं प्रधानाध्यापिका कुमारी रेखा रानी ने बधाई दिया। मौके पर शिक्षकों में रवींद्र कांत, मालवी कुमारी, अनीता कुमारी, अंजू कुमारी, कंचन कुमारी, सावित्रि कुमारी, ज्योति कुमारी, सुरेश चंद्र पाण्डेय, शोभा कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# एक व्यक्ति को हाथियों ने कुचल कुचल कर मार डाला

**रामगढ़, संवाददाता**



वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के आरा चार नंबर फिटर ब्रेकर के समीप मंगलवार की देर शाम एक हाथी ने 28 वर्षीय सीसीएल सुरक्षाकर्मी अमित रजवार पिता स्व. बुधन रजवार को पटक-पटक कर मार डाला। मृतक इचाकडीह गांव का रहने वाला था। मृतक सीसीएल के सारूबेड़ा परियोजना में सुरक्षाकर्मी के पद पर कार्यरत था। बताया जाता है कि मृतक अपने बाइक बजाल प्लटीना(जेएच 24 एफ 9590) पर सवार होकर आरा कालोनी की ओर से घर की ओर लौट रहा था। इस दौरान कुछ लोग फीटर ब्रेकर के पास सड़क से उतरकर हाथी देख रहा था कि इसी बीच मृतक भी अपना बाइक सड़क किनारे खड़ा कर सड़क से नीचे उतरकर हाथी देखने चला गया। इसी बीच एक हाथी लोगों को दौड़ाने लगा। इस दौरान अमित रजवार गिर पड़ा। हाथी ने उसे पटक-पटक कर मार दिया। वही इस घटना को लेकर सारूबेड़ा परियोजना के सुरक्षा प्रभारी मुन्ना चौहान ने बताया कि अमित का रात्री पाली में डयूटी था। वही अमित के निधन से परियोजना में शोक की लहर है। वही लगभग 20 की संख्या में हाथियों का झुंड फीटर ब्रेकर के आसपास जंगल में मौजूद है, जिसको लेकर लोगों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ है। हाथियों के कारण सड़क पर सन्नाटा पसर गया है। जिला वन पदाधिकारी नीतीश कुमार ने जिला वासियों से अपील किया कि जिस रूट से हाथी गुजरती है उसके समीप जाने का कष्ट ना करें और अपनी सुरक्षा करें।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 का तीन दिवसीय डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस समागम 19 से

- ❖125 क्लब के 1500 से अधिक प्रतिनिधि होंगे शामिल, सामाजिक गतिविधियों और क्लब की मजबूती पर होगा मंथन
- ❖कई नई परियोजनाओं का होगा शुभारंभ

**रामगढ़, संवाददाता**




रोटरी क्लब रांची के तत्वावधान में 19-21 दिसंबर तक तीन दिवसीय रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के कॉन्फ्रेंस 'समागम' का भव्य आयोजन किया जाएगा। रांची क्लब परिसर में होने वाले इस डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में रोटरी झारखंड-बिहार के 125 क्लब के 1500 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। असिस्टेंट गवर्नर रोटरी इमेज प्रवीण राजगढ़िया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस कॉन्फ्रेंस के लिए पिछले एक वर्ष से रांची के सभी रोटेरियन जोर शोर से लगे है। इस डिस्ट्रिक्ट कॉन्फेंस में बतौर मुख्य अतिथि पास्ट रोटरी इंटरनेशनल प्रेसिडेंट शेखर मेहता, विशिष्ट अतिथि निलेन्दु कुमार सिंह अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सीसीएल, रोटरी इंटरनेशनल प्रसिडेंट रिप्रजेंटेटिव रवि रमन, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ, जय कुमार रावल, केबिनेट मंत्री महाराष्ट्र सरकार उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा कांफ्रेंस को पास्ट रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर कमल सांघवी, फाउंडेशन चेयरमैन महेश कोडबागी, रोहित सिंह वरिष्ठ आईएएस मध्यप्रदेश, प्रसिद्ध अभिनेत्री सुधा चंद्रन, साईबर एक्सपर्ट महिमा भालोटिया के साथ ही ग्लैक्सी ऑफ पास्ट गवर्नर भी संबोधित करेंगे।

रोटरी रांची के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कॉन्फ्रेंस में रोटरी क्लब की सामाजिक गतिविधियों, नई परियोजनाओं, क्लब की मजबूती, भविष्य की योजनाओं और नए प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सेवा से जुड़े विषयों पर भी बात होगी। यह सम्मेलन रोटरी के सदस्यों को एक-दूसरे से सीखने, अपने अनुभव साझा करने और नए संपर्क बनाने का अवसर देगा। ज्ञान, सेवा, शिक्षा, मनोरंजन के इस अद्भुत समागम के दौरान मशहूर रोज मैरी ग्रुप म्यूजिकल बैंड मुम्बई, आदिशक्ति म्यूजिकल ग्रुप, आईएफआरएम ग्रुप, छऊ नृत्य कलाकार कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि यह सम्मेलन रोटरी परिवार के लिए बहुत खास होने वाला है। इससे समाज सेवा से जुड़े कार्यों को और मजबूती मिलेगी। प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व गवर्नर अजय छाबड़ा, पूर्व गवर्नर जोगेश गंभीर, कांफ्रेंस सेक्रेट्री शाहिद पॉल, दीपक श्रीवास्तव, रेखा सिंह, हरमिंदर सिंह, जी सी सिंह, अमित अग्रवाल उपस्थित थे।

# झारखंड ग्रामीण पुलिस के 101 प्रशिक्षुओं ने किया अनुशासन व समर्पण का प्रदर्शन

**बोकारो, संवाददाता**



बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में मंगलवार को झारखंड ग्रामीण पुलिस के चौकीदारों का पारण परेड समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में उपायुक्त अजय नाथ झा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उपायुक्त अजय नाथ झा ने अपने संबोधन में कहा कि चौकीदार केवल वदीधारी कर्मी नहीं, बल्कि समाज की सुरक्षा और विश्वास की पहली कड़ी हैं। जब आमजन निश्चिंत होकर विश्राम करते हैं, तब चौकीदार सजग रहकर उनकी सुरक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि पारण परेड अनुशासन, कर्तव्य और सेवा भावना का प्रतीक है तथा आज से सभी प्रशिक्षु समाज की सुरक्षा व्यवस्था के अभिन्न अंग बन गए हैं। उन्होंने बताया कि गांव, टोला या मोहल्ले में किसी भी घटना की पहली सूचना प्रायः चौकीदार को ही मिलती है। थाना-अंचल की यह बुनियादी इकाई अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने अनुशासन, ईमानदारी, संवेदनशीलता तथा कमजोर वर्गों के प्रति मानवीय व्यवहार अपनाने पर विशेष बल दिया। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कहा कि समारोह में 101 प्रशिक्षुओं ने सटीक एवं समन्वित परेड का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### तेनुघाट में बोल्डर लदा हाइवा जब्त, जांच में जुटा खनन विभाग

**तेनुघाट (बोकारो) :** बोकारो जिला खनन इंस्पेक्टर सीताराम टुडू ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बोल्डर लदा हाइवा डंपर (बीआर-01जीए-3253) को तेनुघाट के समीप जब्त किया। पकड़े गए वाहन के चालक द्वारा मांगने पर कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके बाद खनन इंस्पेक्टर ने हाइवा और चालक को तेनुघाट ओपी पुलिस के हवाले कर दिया। खनन इंस्पेक्टर सीताराम टुडू ने तेनुघाट ओपी में लिखित आवेदन देकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि एक बोल्डर लदा हाइवा गोमिया की ओर जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद टीम के साथ वाहन को रोका गया, लेकिन कागजात नहीं मिलने पर उसे जब्त किया गया। फिलहाल बोल्डर वैध है या अवैध, इसकी गहन जांच की जा रही है। पुलिस व खनन विभाग मामले की पड़ताल में जुटे हैं।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 71 लाभुकों को ब्लैक स्मिथी किट दिया गया

**बोकारो, संवाददाता**



नावाडीह प्रखंड के भेंड़रा पोस्ट ऑफिस प्रांगण में पीएम विश्वकर्म योजना के अंतर्गत 71 ब्लैक स्मिथि टुल किट का वितरण भेंडरा पंचायत के मुखिया नरेश कुमार विश्वकर्मा के हाथों किया गया। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्म योजना अंतर्गत भेडरा पंचायत से 165 लोगों ने पीएम विश्वकर्म योजना के तहत आवेदन किया था। उनमें से 71 लोगों को प्रशिक्षण प्राप्त लोगों को बैंक ऑफ इंडिया से एक लाख रुपये तक के लोन की प्राप्ति हुई। इस पर यदि गौर किया जाए तो 71 लाभुकों को एक लाख मतलब 71 लाख रुपए का 5% वार्षिक दर से उनको लोन की प्राप्ति हुई इसके साथ 71 लोग समय पर लोन चुका देते हैं तो यह सभी रु 300000 लोन लेने के योग्य हो जाएंगे। ब्लैक स्मिथी किट लगभग रु 20000 का है इस तरह से आज 14 लाख 20 हजार रुपए का औजार का वितरण किया गया। इसके साथ यदि लोन एलिजिबिलिटी को जोड़ दिया जाए तो लगभग 3 करोड़ रुपया भेंडरा लौह कुटीर उद्योग में आएगा। इससे यहां का आर्थिक स्थिति रोजगार धंधे में बढ़ोतरी पूंजी के कमी जो था वह उसमें कमी आयेगी। कार्यक्रम में टूल किट और ऋण प्राप्त कर लोग काफी उत्साह नजर आए तथा इस योजना की सराहना की।इस कार्यक्रम में पोस्ट मास्टर विशाल कुमार, सहायक कार्तिक महतो के अलावा लाभुक पांचू विश्वकर्मा, अशोक कुमार मलिक, संजय विश्वकर्मा, दीपक नायक, उत्तम चौरसिया, विशू यादव, सुकुमार, सुखदेव विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# जयंत सिंह की मौत से उबाल पर बोकारो, नया मोड़ चौक पर फूटा जनआक्रोश

**बोकारो, संवाददाता**




बोकारो एक बार फिर गुस्से और सवालों के बीच खड़ा है। सेक्टर-8 निवासी जयंत सिंह के अपहरण के बाद शव बरामद होने की घटना ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। न्याय की मांग को लेकर आक्रोशित लोगों ने नया मोड़ चौक को जाम कर दिया, जिससे इलाके में तनावपूर्ण माहौल बन गया। सड़क पर उतरे लोगों की आंखों में गुस्सा और जुबान पर एक ही नारा था– ह्विनोद खोपड़ी को फांसी दोह्व। हालांकि इस मामले में पुलिस ने सोमवार को विनोद खोपड़ी सहित 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जयंत सिंह का शव गिरिडीह जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र से बरामद किया गया था। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि जयंत सिंह की हत्या सुनियोजित साजिश के तहत की गई है और इसका मुख्य आरोपी विनोद खोपड़ी है, जो अब बोकारो में भय का प्रतीक बन चुका है। जनसमूह ने प्रशासन के समक्ष तीन स्पष्ट मांगें रखीं–आरोपी को फांसी की सजा, सेक्टर-6 स्थित उसके कार्यालय को ध्वस्त करना और जयंत सिंह की पत्नी को उचित मुआवजा देना। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक इन मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। हालांकि आक्रोश के बीच मानवता की मिसाल भी देखने को मिली। प्रदर्शन के दौरान स्कूल बसों और एंबुलेंस को बिना किसी रोक-टोक के गुजरने दिया गया, जिससे लोगों ने साफ संदेश दिया कि उनका आंदोलन न्याय के लिए है, न कि आम जनता के खिलाफ। नया मोड़ चौक पर घंटों तक नारेबाजी गूंजती रही। लोगों का कहना था कि जयंत सिंह की हत्या केवल एक व्यक्ति की मौत नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था पर गहरा सवाल है। मौके पर पहुंचे अपर समाहर्ता मुमताज आलम ने धरने पर बैठे लोगों से वार्ता की और उनकी मांगों पर 15 दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए और धरना समाप्त किया गया। अब पूरा शहर प्रशासन की ओर देख रहा है–क्या दोषियों को सख्त सजा मिलेगी या जनआक्रोश और भड़कता जाएगा?

# कसमार बीआरसी में मासिक गुरु गोष्ठी आयोजित, शैक्षणिक गुणवत्ता पर जोर



**बोकारो, संवाददाता**

कसमार प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) में मंगलवार को मासिक गुरु गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीपीओ रणजीत कुमार महतो ने की, जिसमें प्रखंड के सभी विद्यालयों के सचिव उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यालयों का सुचारू संचालन, नामांकन, छात्र उपस्थिति, मध्याह्न भोजन, स्वच्छता तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बीपीओ ने समयबद्ध कार्य निष्पादन, अभिलेखों के अद्यतन और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया। बीपीओ रणजीत कुमार महतो ने कहा कि गुरु गोष्ठी का उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाना है। सभी विद्यालय सचिव आपसी समन्वय के साथ विभागीय दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें। बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और स्वच्छ वातावरण प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक के अंत में सचिवों से प्राप्त सुझावों पर अमल करने और आगामी माह में प्रगति की समीक्षा करने का आश्वासन दिया गया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में विद्यालय सचिव शामिल हुए।

